प्रेस विज्ञप्ति/ प्रकाशनार्थ

28 नवंबर , 2020 गोरखपुर ।

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, जटा शंकर गोरखपुर तथा गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक के तत्वाधान में गुरुनानक देव के 551 वें प्रकाश पर्व के पवित्र अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है।

इस अवसर पर ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अवधेश अग्रवाल ने कहा की सिख समाज के पहले गुरु गुरु नानक देव के अमृत वाणी

"अव्वल अल्लाह नूर उपाया, कुदरत के सब बन्दे,

एक नूर ते सब जग उपज्या, कौन भले कौन मंदे "

सभी इंसान उस ईश्वर के नूर से जन्मे है, इसलिए कोई छोटा बड़ा नहीं है कोई आम या खास नहीं है । सब बराबर है । सबकी सेवा करे ।

इसी को ध्यान में रखते हुए संस्था द्वारा प्रत्येक माह रक्तदान शिविर के लिए गोरक्षनाथ ब्लड बैंक का चुनाव हमारे लिए गर्व की बात है।

आप सभी रक्तदाता अनुकरणीय एवं वंदनीय है ।

डॉ अग्रवाल जी ने युवाओ से रक्तदान के क्षेत्र में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करते हुए नियमित रक्तदान कर मानव सेवा के लिए जागरूक करने वाले गुरुद्वारा के अध्यक्ष श्री जसपाल सिंह जी एव श्री जगनैंन सिंह (नीटू) जी ने नवम्बर 2015 में इस सोसायटी की स्थापना की थी । केवल 5 वर्षो में यह संस्था ने लगभग 3500 मरीजो को रक्त उपलब्ध करा कर एक मिशाल कायम किया है। उन्होंने कहा कि

" संसार में केवल मनुष्य ही ऐसा एकमात्र प्राणी है जिसे ईश्वर ने रक्तदान का हुनर दिया है"।

आज इस अवसर पर डॉ अजय पाण्डेय, अकील अहमद, इमाम अली, रीता मिश्रा, गुरुदेव सिंह,रणदीप कौर, विशाल इत्यादि सहित लगभग 20 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया । सभी रक्तदाताओं को ब्लड बैंक द्वारा सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र , चाभी रिंग, कॉफ़ी मग आदि दिया गया । वैश्विक महामारी कोविड को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम में सोशल डिस्टेंस, हैण्ड सैनिटाइजेशन तथा मास्क इत्यादि के साथ रक्तदाताओ का चिकित्सीय परिक्षण, हीमोग्लोबिन, बी.पी. पल्स, ब्लड ग्रुप इत्यादि जाँच की गई।